डेढ़ साल में ही उधड़ी मुख्य सड़क, गुणवत्ता पर सवाल

उखड़ी गिट्टियों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी



नवभारत/ नरसिंहपुर/ गोटेगांव। नगर की मुख्य सड़क निर्माण के करीब डेढ़ वर्ष बाद ही जगह-जगह उखड़ने लगी है। पेट्रोल पंप से बड़े पुल, फव्वारा चौक, सर्राफा बाजार, ठाकुर बाबा मंदिर होते हुए पुराने बस स्टैंड से नए बस स्टैंड तक जाने वाली इस व्यस्त सड़क पर कई स्थानों पर बड़े गड्ढे हो गए हैं। उखड़ी गिट्टियों के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सड़क का डामरीकरण करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कराया गया था। इतने कम समय में सड़क की स्थिति खराब होने से निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन हुआ या नहीं, इसकी जांच आवश्यक है। सड़क की खराब स्थिति का असर आसपास के व्यापारिक क्षेत्रों पर भी पड़ रहा है।

> व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच में अनियमितता या लापरवाही सामने आने पर संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों ने कहा कि सार्वजनिक धन से होने वाले सड़क, नाली और अन्य विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि लोगों को लंबे समय तक सुविधाएं मिल सकें।

जनसुनवाई में आये 75 आवेदन पत्रों की सुनवाई हुई

नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 75 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। एडीएम अरविंद सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी।

गंदगी और अमानक प्लास्टिक के उपयोग पर लगा जुर्माना



नवभारत/ करेली। नगर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने और प्रतिबंधित अमानक प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका परिषद करेली द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका की टीम ने विभिन्न दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर गंदगी पाए जाने तथा अमानक प्लास्टिक का उपयोग किए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई। नगर पालिका द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 4700रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। नगर पालिका अधिकारियों ने दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों को समझाइश देते हुए कहा कि दुकान के आसपास स्वच्छता बनाए रखें और प्रतिबंधित एवं अमानक प्लास्टिक का उपयोग न करें। साथ ही ग्राहकों को भी प्लास्टिक की जगह पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका परिषद ने स्पष्ट किया कि नगर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर निरीक्षण एवं कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

एक नजर में

मुरदई से बेलखेड़ी सड़क बनी हादसों का कारण

गोटेगांव। नगर के समीपवर्ती ग्राम मुरदई से बेलखेड़ी तक की सड़क की हालत बेहद खस्ता हो गई है और यह सड़क मौत का गड्ढा बन गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, कीचड़ और उखड़ी गिट्टी से राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। इसी मार्ग पर करीब 3 विद्यालय स्थित हैं, जहां हजारों बच्चे रोज इसी खराब सड़क से आते-जाते हैं। बारिश में गड्ढों में पानी भरने से बच्चे गिरकर घायल हो रहे हैं। बुजुर्गों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। सड़क की मरम्मत नहीं होने से आए दिन बाइक स्लिप होने की घटनाएं हो रही हैं।

गंभीर मारपीट को पुलिस ने बताया मामूली विवाद

गोटेगांव। जिले के झोतेश्वर चौकी अंतर्गत ग्राम लाठगांव में एक सब्जी व्यापारी के साथ हुई गंभीर मारपीट के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपकर आरोप लगाया है कि प्राणघातक हमले को पुलिस ने आरोपियों के प्रभाव में आकर महज एक सामान्य घटना (अदम दखल/हृष्टक्र) के रूप में दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता रामकुमार कुशवाह के अनुसार, वह रात के समय अपना व्यवसाय कर लौट रहा था। तभी गांव के कुछ रसूखदार और नशे के आदी व्यक्तियों ने अकारण विवाद शुरू कर दिया और सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव होने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय केवल साधारण धाराओं में मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर दी।

फाटक-294 के पास रेलवे ने बंद किया रास्ता

गोटेगांव। ग्राम पंचायत बगलई अंतर्गत लाठगांव रेलवे फाटक 294 के पास रेलवे विभाग द्वारा अचानक आम रास्ता बंद कर दिए जाने से छिंदोरी गांव सहित आसपास की कॉलोनियों के हजारों लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बिना किसी पूर्व सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के मार्ग बंद करने से लोगों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाठगांव फाटक पूर्व में ही बंद हो चुका था, अब इस वैकल्पिक कच्चे मार्ग को भी बंद कर दिया गया है। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग, स्कूली बच्चे और मरीज गोटेगांव आवागमन करते थे।

स्केटिंग करते हुए 12 ज्योर्तिलिंगों की यात्रा पर निकले झारखंड के अजय




नवभारत/ तेंदूखेड़ा। का भाव जब उमड़ता है तब श्रद्धावान अपने शक्ति सामर्थ्य के अनुसार भक्ति में संलग्न हो जाता है ऐसा ही एक अनूठा उदाहरण झारखंड जिले के फुलवैया पंचायत से स्केटिंग करते हुए 12 ज्योर्तिलिंगों और चार धाम की यात्रा पर निकले अजय विश्वकर्मा का तेंदूखेड़ा पहुंचने पर देखनें को मिला। जो अपने पैरों के जूतों में चके लगाये हुये हैं प्रतिदिन 150 किलोमीटर की यात्रा कर जहां रात्रि हो जाती हैं वहीं रुक जाते हैं।खाने पीने के लिए भी बहुत से लोग सहयोग के लिए आगे आ जाते हैं।अजय को अपने घर से निकले हुये एक साल 10 दिन हो गए हैं और अभी तक 17 राज्यों से गुजर चुके हैं।उनका कहना है कि अलग अलग राज्यों में भ्रमण करने के बाद भाषा और लोगों से मिलने के बाद मप्र में आकर एक अलग ही अंदाज में लोगों से मिलना बहुत अच्छा लगा।

पीजी कॉलेज में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित



नवभारत/ नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में उच्च शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में उमंग उच्च शिक्षा कार्यक्रम, 100 डेज टीबी मुक्त भारत अभियान एवं एचआईवी सघन जागरूकता अभियान के तहत वृहद स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा और प्राचार्य डॉ. आर.बी. सिंह के मार्गदर्शन हुआ। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। शिविर में कुल 135 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया। उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। टीबी के लक्षण, जांच एवं उपचार की दी जानकारी शिविर के दौरान 100 डेज टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेंद्र रिपुदमन सिंह ने विद्यार्थियों को टीबी के प्रमुख लक्षण, बचाव, जांच एवं उपचार की जानकारी दी। उन्होंने संभावित लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच कराने तथा अपने आसपास के लोगों को भी टीबी के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। शिविर में 133 विद्यार्थियों के एक्स-रे किए गए। विद्यार्थियों को नि-क्षय मित्र बनने हेतु भी प्रेरित किया गया।

जटलापुर में रास्ता नहीं होने से 9 सदस्यों का परिवार परेशान, जनसुनवाई में गुहार



नवभारत/ गोटेगांव। जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे एक ग्रामीण ने अपनी निजी भूमि पर बने मकान तक आने-जाने के लिए कोई मार्ग न होने की पीड़ा सुनाई और कलेक्टर से स्थायी रास्ता दिलाए जाने की गुहार लगाई। आवेदन पर 1 सितंबर 2026 की पावती दर्ज की गई है। गोटेगांव तहसील के ग्राम जटलापुर निवासी हाकम सिंह लोधी पिता सम्मर सिंह लोधी ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में बताया कि उनका पूरा परिवार, जिसमें 8 से 9 सदस्य हैं, अपनी निजी भूमि पर बने मकान में निवास करता है। घर तक आने-जाने और वाहन निकालने के लिए कोई अधिकृत रास्ता नहीं है। परिजन लंबी दूरी तय कर, ऊंची-नीची जमीन और नाले से होकर आने-जाने को मजबूर हैं, जिससे हर वक्त जान जोखिम में बनी रहती है। बरसात में यह वैकल्पिक रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। यदि घर में कोई सदस्य बीमार पड़ जाए तो स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। रास्ता न होने से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

ब्लॉक स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित



नवभारत/ गोटेगांव स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता हर्षोल्लास और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल के गरिमामय आतिथ्य में हुआ, अध्यक्षता विधायक महेंद्र नागेश ने की। इस प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिका वर्ग में कुल 460 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बाद जिला स्तर के लिए श्रेष्ठ टीमों का चयन किया गया, जो कल बरमान में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि जालम सिंह पटेल ने कहा कि खेल अनुशासन, एकाग्रता और चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और नियमित प्रशिक्षण लेकर देश-प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विधायक महेंद्र नागेश ने भी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने सभी 460 प्रतिभागी बच्चों और शिक्षकों के लिए पुलाव भोज की व्यवस्था कराई, जिसकी सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे, पूर्व स्पोर्ट ऑफिसर एस.एन. मिश्रा, बीआरसी उमाशंकर छिरा, खेल शिक्षक रंजीत घोषी, उमाकांत राजपूत, राहुल नामदेव, शोभाराम दौहैया, दीपक पटवा सहित विकासखंड के खेल शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

लंबित प्रकरणों में अब तक की गई कार्यवाही



नवभारत/ नरसिंहपुर। लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने थाना कोतवाली पहुंचकर लंबित अपराध, मर्ग एवं शिकायतों की विवेचकवार प्रभावी समीक्षा लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। गंभीर प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण एवं वैज्ञानिक विवेचना पर विशेष जोर दिया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं लंबित वारंटों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विवेचना में तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण एवं विवेचना की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज थाना कोतवाली पहुंचकर लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत एवं अन्य प्रकरणों की विवेचकवार विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान प्रत्येक विवेचक से उनके पास लंबित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, की गई कार्यवाही, शेष विवेचना तथा लंबित रहने के कारणों की जानकारी ली गई। प्रकरणों में की गई अब तक की कार्यवाही का परीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। **समीक्षा में प्रमुख बिंदु:** लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत एवं अन्य प्रकरणों की विवेचकवार समीक्षा की गई। लंबित प्रकरणों में अब तक की गई विवेचना एवं कार्यवाही की स्थिति का परीक्षण किया गया। अनावश्यक रूप से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। गंभीर एवं महत्वपूर्ण प्रकरणों में साक्ष्यों का संकलन कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, लंबित वारंटों की तामीली एवं प्रकरणों में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही को गति देने के निर्देश दिए गए। शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण कर फरियादियों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

किरहकोटा के जंगल क्षेत्र में बाहरी महिला के रहने को लेकर सुरक्षा पर उठे सवाल

नवभारत/ गाडरवारा। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम किरहकोटा के जंगल क्षेत्र में बाहर से आई एक महिला के कथित रूप से लंबे समय से रहने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार महिला के पास स्थानीय स्तर पर रहने की अनुमति अथवा पहचान संबंधी दस्तावेज उपलब्ध होने की जानकारी नहीं है। इसे लेकर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर महिला रह रही है, वह दिन के समय भी काफी सुनसान रहता है। ऐसे में रात के समय वहां किसी अप्रिय घटना की आशंका से ग्रामीण चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की जानकारी स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार लोगों तक पहुंचने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही या सत्यापन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि महिला की पहचान, उसके वहां रहने के कारण तथा आवश्यक दस्तावेजों का नियमानुसार सत्यापन कराया जाए। साथ ही जंगल क्षेत्र में उसकी सुरक्षा और आसपास के लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग द्वारा मौके का निरीक्षण किया जाए। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि किसी अप्रिय घटना के बाद कार्यवाही होती है तो उससे पहले प्रशासन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं?

राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक आरपी चक्रवर्ती सेवानिवृत्त



नवभारत/गोटेगांव। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक आर.पी. चक्रवर्ती को 40 वर्षों से अधिक की शासकीय सेवा के बाद रविवार को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर शालेय परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों और नगरवासियों ने उनका सम्मान किया। श्री चक्रवर्ती ने 12 मार्च 1986 को शिक्षा विभाग में सेवा प्रारंभ की थी। उनकी प्रथम नियुक्ति माध्यमिक शाला बगासपुर में हुई, जहां उन्होंने 22 वर्षों तक अध्यापन कार्य किया। उत्कृष्ट शिक्षण के लिए वर्ष 2006 में उन्हें राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गणित विषय के कुशल शिक्षक के रूप में उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को शिक्षित किया। विद्यालयीन समय के अलावा गरीब और जरूरतमंद छात्रों को नि:शुल्क पढ़ाकर आगे बढ़ाया। उनके कई विद्यार्थी आज प्रशासनिक और प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत हैं। वर्ष 2007 में कन्या शाला गोटेगांव में पदस्थ होने के बाद उन्होंने विद्यालय के विकास में विशेष योगदान दिया। वर्ष 2010 में कन्या शाला के उन्नयन और रानी अवंतीबाई कन्या हाई स्कूल की स्थापना में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समय की पाबंदी, अनुशासनप्रियता और सादा जीवन-उच्च विचार ने उन्हें आदर्श शिक्षक बनाया। शालेय परिवार की ओर से उन्हें अभिनंदन पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया और स्वस्थ, सुखी व दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

जलभराव, नाली नहीं होने से ग्रामीण परेशान



नवभारत/गोटेगांव। समीप बरहटा ग्राम पंचायत के गुप्ता मोहल्ला, यादव मोहल्ला और मुड़िया मोहल्ला में प्रधानमंत्री सड़क पर बारिश का पानी जमा होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पानी की निकासी के लिए उचित नाली नहीं होने से समस्या लगातार बनी हुई है। यादव मोहल्ले में जलभराव वाले स्थान पर नाली चौक होने से पानी की निकासी भी प्रभावित है। वहीं सड़क के दोनों ओर घरों का निर्माण ऊंचाई पर होने से बारिश का पानी सड़क पर जमा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान दोनों ओर नाली का प्रावधान था, लेकिन पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण नाली का निर्माण नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क से संबंधित अधिकारियों से जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर पानी की निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

स्वच्छ एवं सुंदर शहर की दिशा में जिले के नगरीय निकायों की पहल


नरसिंहपुर। जिले के नगरीय क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगरीय निकायों द्वारा स्वच्छता अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। नगरीय निकायों के स्वच्छता मित्रों द्वारा विभिन्न वार्डों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं नाले-नालियों की नियमित साफ-सफाई के साथ एकत्रित कचरे का व्यवस्थित तरीके से संग्रहण कर निर्धारित स्थल पर ले जाकर विधिवत निष्पादन किया जा रहा है। नगर परिषद तेंदूखेड़ा के स्वच्छता मित्रों द्वारा विभिन्न स्थानों से कचरा एकत्रित कर कचरा वाहनों के माध्यम से निर्धारित स्थल तक पहुंचाया गया और उसका विधिवत निस्तारण किया गया। वहीं, नगर पालिका गाडरवारा द्वारा नगरीय क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

प्रतियोगिता | 30 सितम्बर तक चलेगी प्रतियोगिता, उत्कृष्ट पंचायतों को किया जाएगा पुरस्कृत

सभी ग्राम पंचायतों के बीच होगी स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता

नवभारत/नरसिंहपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के साथ स्वच्छता के स्थायी एवं संस्थागत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले की सभी ग्राम पंचायतों के बीच 'स्वच्छ ग्राम पंचायत प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता की अवधि 20 अगस्त 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति सर्वांगीण एवं स्थायी दृष्टिकोण विकसित करना, पंचायत और स्थानीय नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा स्वच्छता कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यपद्धति को विकसित करना है। प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता से जुड़े विभिन्न आयामों एवं घटकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। पंचायतों द्वारा किए जा रहे कार्यों का जिला अधिकारियों एवं विशेषज्ञ दल द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर पर्यवेक्षण एवं आकलन किया जाएगा। पंचायत के प्रदर्शन का मूल्यांकन स्थल निरीक्षण, किए जा रहे स्वच्छता कार्यों के आकलन, आमजन से प्राप्त सुझाव एवं फीडबैक तथा अन्य आवश्यक जांच-पड़ताल के आधार पर किया जाएगा। ग्राम पंचायतें स्वयं भी अपनी उपलब्धियों एवं कार्यों की प्रोफाइल प्रविष्ट कर सकेंगी। प्रतियोगिता में तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गीले कचरे की कंपोस्टिंग, सूखे कचरे का विभिन्न श्रेणियों में पृथक्करण, घर-घर से कचरा संग्रहण, स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण तथा अजैविक प्लास्टिक एवं अन्य प्रकार के कचरे के उचित प्रसंस्करण जैसे बिंदुओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं प्रेरणा, क्षमता संवर्धन के प्रयास तथा स्थानीय समुदाय, स्व-सहायता समूहों एवं विभिन्न संगठनों की भागीदारी को भी प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण मानदंड बनाया गया है। निर्धारित मानकों के आधार पर प्राप्त अंकों एवं उपलब्ध तथ्यों के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों का चयन किया जाएगा। चयनित उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और बेहतर कार्यों को अन्य पंचायतों तक भी पहुंचाया जा सके।नर्मदा तट पर स्थित बड़ी ग्राम पंचायतों एवं तीर्थ स्थलों के लिए प्रतियोगिता में पृथक श्रेणी एवं विशेष मापदंड निर्धारित किए जाएंगे।

पं. गणेश चौबे विद्यापीठ में संस्कृत सप्ताह का समापन



नवभारत/गोटेगांव। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह पंडित गणेश चौबे संस्कृत विद्यापीठ गोटेगांव में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सप्ताह भर चले इस आयोजन के अंतर्गत संस्कृत गीत प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्षाबंधन पर श्रावणी उपाकर्म, वेद पूजन एवं वेद पाठ का आयोजन किया गया। स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि शासकीय सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य एस.के. सिसोदिया रहे, जबकि अध्यक्षता एस.के. नाहर ने की। अतिथियों द्वारा वेद पूजन किया गया और विद्यार्थियों ने वेद मंत्रों का पाठ प्रस्तुत किया। इस दौरान सांदीपनि विद्यालय की छात्राओं ने विद्यार्थियों को रक्षा सूत्र बांधे। वेद आचार्य संतोष शास्त्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कृत भारत की प्राण भाषा है और ऐसे आयोजन संस्कृत को प्राणवायु देते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा में जीवन समर्पित करना चाहिए, जो संस्कृत से ही संभव है।